Just now

बैंक के 'डिप्टी मैनेजर' बने ए.पी.जे. इंस्टीच्यूट के 22 स्टूडैंट्स

आई.सी.आई.सी.आई. बैंक में चयनित हुए ए.पी.जे. इंस्टीच्यूट के स्टूडैंट्स।

जालंधर, 19 जनवरी (विनीत): ए.पी.जे. इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमैंट एंड इंजीनियरिंग टैक्नीकल कैंपस, रामा मंडी के 2019-20 में एम.बी.ए. बैच के 22 स्टूडैंट्स का चयन आई.सी.आई.सी.आई. बैंक में हुआ।

चयनित स्टूडैंट्स अमन, अनिरुद्ध, अतुल, दीक्षा, दिव्यांशी, कामाक्षी, कामिनी, सुप्रिया, कृतिका, निखिल, मनिन्द्र, सुधी, शौर्य, रोहन, राधिका, पुलकित, स्पर्श, रिधिमा, यशप्रीत, उर्वशी व राघव ने बैंक की एच.आर. तान्या दलाल के निर्देशन में प्लेसमैंट प्रक्रिया में भाग लेकर विभिन्न राऊंड्स व टैस्ट क्लीयर करके उक्त सफलता हासिल की।

इंस्टीच्यूट के डायरैक्टर डा. राजेश बग्गा ने बताया कि चयनित स्टूडैंट्स को बैंक की ओर से 4.12 लाख के वार्षिक पैकेज पर चुना गया है तथा वे बैंक में बतौर डिप्टी मैनेजर अपनी सेवाएं देंगे। डा. बग्गा सहित इंस्टीच्यूट के ट्रेनिंग व प्लेसमैंट अधिकारी डा. वरुण नैयर ने बैंक में प्लेस्ड हुए स्टूडैंट्स को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

Punjab Kesari 20 January 2020